# साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

## साधारण परिषद की 5 वीं बैठक

## दिनांक 13.09.2022

## कार्यवाही विवरण

साँची बौद्ध - भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद की 5वीं बैठक दिनांक 13.09.2022 को माननीय मुख्यमंत्री, म.प्र.शासन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री प्रतिकक्ष, पंचम तल, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल में अपरान्ह 02.30 बजे आहूत हुई। बैठक में निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहे -

1. श्री शिवराज सिंह चौहान, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन
2. प्रो.सेमडोंग रिनपोचे, कुलाधिपति, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय
3. सुश्री उषा ठाकुर, मंत्री, म.प्र.शासन, संस्कृति विभाग
4. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, वित्त विभाग
5. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग
6. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, संस्कृति विभाग
7. डॉ नीरजा ए गुप्ता, सदस्य सचिव, कुलपति, साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय
8. प्रो.वैद्यनाथ लाभ, कुलपति, नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय, नालंदा
9. श्री उमेश उपाध्याय, प्रेसीडेंट रिलायंस (मीडिया) मुंबई
10. श्री अभय कात्यायन, ग्वालियर

साधारण परिषद् के सदस्य सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा एजेण्डा बिंदुओं को समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किये। समिति सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिंदुओं पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय पारित किये गये -

**एजेण्डा क्र. 01** **साधारण परिषद की चतुर्थ बैठक दिनांक 21.12.2021 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

**निर्णय** समिति सदस्यों द्वारा पूर्व बैठक में कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा क्र. 02 **साधारण परिषद की चतुर्थ बैठक दिनांक 21.12.2021 के निर्णयों का पालन प्रतिवेदन।**

निर्णय समिति सदस्य द्वारा पालन प्रतिवेदन अनुमोदित किया गया।

एजेण्डा क्र. 03 **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुदान सूची में प्रावधान वास्ते चर्चा।**

निर्णय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय का नाम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सूची में सम्मिलित करने एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुदान प्राप्ति वास्ते अध्यक्ष महोदय के समक्ष बिंदु पर चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमेन को प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमेन से चर्चा कर प्रकरण का समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

एजेण्डा क्र. 04 **विश्वविद्यालय के द्वितीय फेस के निर्माण हेतु अनुदान राशि की स्वीकृति।**

निर्णय साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय को आवंटित भूमि यथा ग्राम ढ़कना चपना तहसील व जिला रायसेन में विश्वविद्यालय के अधोसंरचना विकास कार्य हेतु द्वितीय चरण से संबंधित निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत प्राक्कलन प्रतिवेदन (DPR) बनाये जाने हेतु आदेशित किया गया।

द्वितीय चरण से संबंधित निर्माण कार्य हेतु प्राथमिकता के आधार पर स्वरूप डिजाईन करने की अनुमति प्रदान की गई। उक्त द्वितीय चरण से संबंधित निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत प्राक्कलन प्रतिवेदन में निम्नानुसार आवश्यक कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई -

Academic Block and Laboratories
Seminar / Convention Centre
Residences
Medical Centre
Guest House
Open Air Theatre
Audio/Video Centre
Research Park
Parking Place

विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य अंतर्गत Sports Complex निर्माण का कार्य तृतीय चरण में किये जाने का निर्णय लिया गया।

**एजेण्डा क्र. 05** **विश्वविद्यालय के कुलगीत का लोकार्पण बावत।**

**निर्णय** माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत को मान्य कर लोकार्पण किया गया।

**एजेण्डा क्र. 06** **छटवें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन के आयोजन विषयक।**

**निर्णय** साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा छटवें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का आयोजन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त सम्मेलन में होने वाले व्यय राशि लगभग 2 करोड के संबंध में एवं अतिरिक्त बजट हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**एजेण्डा क्र. 07** **अप्रवासी भारतीय हेतु दिनांक 6 जनवरी 2023 को अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेस आहूत किये जाने की स्वीकृति हेतु।**

**निर्णय** अप्रवासी भारतीय दिवस के पूर्व दिनांक 6 जनवरी 2023 को विश्वविद्यालय एवं PIOCCI की सहभागिता से कांफ्रेंस का आयोजन इंदौर में आहूत किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**एजेण्डा क्र. 08** **Khajuraho Literature Festival 2023 एवं International Conference of Indology वास्ते अनुदान बावत।**

**निर्णय** Khajuraho Literature Festival 2023 का आयोजन 18 एवं 19 फरवरी 2023 को खजुराहो में एवं International Conference of Indology कार्यक्रम का आयोजन भोपाल में आहूत किये जाने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

**एजेण्डा क्र. 09:** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु पर विचार।

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की संस्तुति द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय को माननीय संस्कृति मंत्री एवं विश्वविद्यालय की कुलपति महोदया द्वारा थाईलैण्ड यात्रा सफलतापूर्वक होने एवं उक्त के संबंध में सम्पन्न MoU से भी अवगत कराया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा वियतनाम, थाईलैण्ड श्रीलंका, जापान जैसे अन्य बौद्ध धर्म अनुयायी देशों के साथ सम्पर्क स्थापित करते हुए इंटरनेशनल बुद्धिस्ट सर्किट बनाये जाने का कार्य प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा वियतनाम, थाईलैण्ड श्रीलंका, जापान इत्यादि देशों के साथ MoU करके संयुक्त पाठ्यक्रम एवं कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति प्रदान की गयी।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सदस्यगणों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(डॉ.नीरजा ए गुप्ता)
सदस्य सचिव साधारण परिषद/
कुलसचिव
साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

(शिवराज सिंह चौहान)
अध्यक्ष साधारण परिषद/
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश शासन